भारत की माननीय राष्ट्रपति
श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
का
भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में भाषण

अल्जीयर्स, 13 अक्टूबर 2024

मुझे खूबसूरत और ऐतिहासिक अल्जीयर्स शहर में आपके बीच उपस्थित होकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है।

यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि भारत से अल्जीरिया की पहली राजकीय यात्रा मेरे द्वारा संपन्न हो रही है। यह भारत-अल्जीरिया संबंधों में एक ऐतिहासिक दिन है। मेरे साथ हमारे राज्य मंत्री श्री सुकांत मजूमदार, और संसद सदस्य श्री अतुल गर्ग और श्री मुकेशकुमार दलाल भी उपस्थित हैं।

मैं राष्ट्रपति तेब्बौन और अल्जीरिया की जनता के हार्दिक स्वागत और आतिथ्य के लिए आभारी हूं। मुझे कल राष्ट्रपति तेब्बौन से मिलने का अवसर मिलेगा, जिसके दौरान मैं भारत और अल्जीरिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तारित करने पर चर्चा करूंगी, ताकि आप सभी लाभान्वित हों।

भाइयों और बहनों,

मैं भारत और अल्जीरिया के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को याद करते हुए अपनी बात शुरू करना चाहूंगी। भारत ने colonialism के विरुद्ध अल्जीरिया के मुक्ति आंदोलन का शुरू से ही समर्थन किया। हमारे नेताओं के अल्जीरिया के नेताओं के साथ घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध रहे हैं। National Liberation Front, जो अल्जीरिया के मुक्ति संघर्ष के प्रमुख सदस्यों में से एक था, का कार्यालय 1950 के दशक के अंत और 1960 के दशक की शुरुआत में, भारत में ही स्थित था।

जब 1962 में अल्जीरिया स्वतंत्र हुआ, तो भारत अल्जीरिया का साथ देने के लिए मौजूद था, और हमने तुरंत राजनयिक संबंध स्थापित किए। तब से राजनयिक संबंधों में कई गुना वृद्धि हुई है। इस संदर्भ में मेरी यात्रा का विशेष महत्व है।

भौगोलिक दूरी के बावजूद, हमारे बीच हमेशा मित्रता का घनिष्ठ संबंध रहा। इन दीर्घकालिक संबंधों का एक जीवंत उदाहरण अल्जीरिया के लोगों का भारत के प्रति स्नेह है। Oran में महात्मा गांधी के नाम पर, और अल्जीयर्स में जवाहरलाल नेहरू के नाम पर एक-एक सड़क का नामकरण किया गया है। भारतीय सिनेमा और TV soap opera यहां लोकप्रिय हैं और उन्हें अरबी में देखा जाता है। बुजुर्ग अल्जीरियाई लोग 70 और 80 के दशक के दौरान अल्जीयर्स में रहने वाले भारतीय डॉक्टरों और शिक्षकों को आज भी याद करते हैं। मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि अल्जीरियाई दुल्हनें तीन दिनों तक चलने वाले विवाह समारोह के दौरान अपनी पोशाक के रूप में भारतीय साड़ी भी पहनती हैं!

मुझे ज्ञात है कि अल्जीरिया में लगभग 4000 भारतीय नागरिक, देश भर में स्थित विभिन्न परियोजनाओं और प्रतिष्ठानों में काम कर रहे हैं। हमारे कई नागरिक तकनीकी रूप से कुशल हैं, जो कठिन स्थितियों में दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित projects पर काम कर रहे हैं। मुझे पता है कि public और private, दोनों क्षेत्रों की कई भारतीय कंपनियां अल्जीरिया में काम कर रही हैं। मुझे बताया गया है कि IRCON ने Oran के पास Railway Doubling project को काफी हद तक पूरा कर लिया है। अपनी यात्रा के दौरान, मैं Shapporji Pallonji द्वारा निर्मित Sidi Abdallah Science and Technology University जाऊंगी। Vijay Electricals द्वारा निर्मित Transformer Plant के शीघ्र ही चालू होने की उम्मीद है। मुझे बताया गया है कि Mahindra & Mahindra जल्द ही अपने Tractor Project को पुनः आरंभ करने की उम्मीद कर रही है। ये अल्जीरिया में भारतीय समुदाय द्वारा किए जा रहे अनेक projects में से कुछ ही हैं। Larsen

& Toubro, RITES Ltd. जैसी कंपनियां जो अनेक अफ्रीकी देशों में infrastructure development में लगी हुई हैं, भविष्य में अल्जीरिया के साथ साझेदारी के लिए तैयार हैं।

अल्जीरिया में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत परिश्रमी भारतीय समुदाय, एक तरह से भारत के सच्चे राजदूत हैं। आप में से प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर हमारी प्राचीन भूमि के मूल्यों और संस्कृति को समेटे हुए है। जब भी आप किसी अल्जीरियाई व्यक्ति से मिलते हैं, तो आप उसका परिचय भारत की भावना से कराते हैं।

मित्रो,

इस वर्ष हमारे देश में आम चुनाव संपन्न हुए हैं। लगभग 97 करोड़ मतदाताओं ने इसमें भाग लिया, जो एक ऐतिहासिक रेकॉर्ड था और जिसने इसे अब तक की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया बना दिया। यह हमारे देश में लोकतंत्र की एक शानदार सफलता भी है।

आज भारत वैश्विक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लगातार 8 प्रतिशत की वार्षिक औसत वृद्धि के साथ, भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। यह गर्व की बात है कि हमारा देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और शीघ्र ही शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की ओर अग्रसर है। जैसे-जैसे भारत अपनी अमृत-काल यात्रा पर आगे बढ़ेगा, वह South-South Cooperation की भावना के साथ अल्जीरिया जैसे अपने निकट सहयोगियों के साथ आगे बढ़ना जारी रखेगा।

मित्रो,

भारत सरकार और भारतीय समाज ने विदेशों में भारत की प्रतिष्ठा और सम्मान बढ़ाने में भारतीय समुदाय के योगदान को हमेशा महत्व दिया है, और उसकी सराहना की है। अल्जीरिया में रहने वाला भारतीय समुदाय भारत की राष्ट्रीय

सुरक्षा और आर्थिक हितों तथा soft power को आगे बढ़ाने के लिए एक सेतु की भूमिका निभाता है। 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक प्रयासों से हम आशाओं और आकांक्षाओं की एक नई यात्रा पर निकल पड़े हैं। जैसे-जैसे भारत तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, अल्जीरिया और विदेशों में उपस्थित हमारे भारतीय समुदाय की सद्भावना और समर्थन और भी तेजी से बढ़ रहा है।

मुझे विश्वास है कि भारत का परिवर्तनकारी विकास और अल्जीरिया का प्राकृतिक सामर्थ्य, हमारे संबंधों को एक नए स्तर पर ले जाएगा।

धन्यवाद,

जय हिन्द!